भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.11.2023

महाप्रबंधक ने किया 8वें सर्तकता बुलेटिन का विमोचन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2023 के अवसर पर सतर्कता जागरूकता तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों जैसे–प्रतिज्ञा शपथ, सेमिनार, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इसी कड़ी में आज दिनांक–04.11.2023 को महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा और मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूद ने **"भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"** थीम पर आधारित 8वें सतर्कता बुलेटिन का विमोचन किया। इस बुलेटिन में उच्च अधिकारियों ने अपने सतर्कता से जुडे अनुभवों को लेखों के माध्यम से लेखनीबद्ध कर साझा किया है। इसके साथ सतर्कता एंगिल, ई मेजरमेण्ट, दीर्घ एवं लघु शास्तियों की कार्यवाही, सर्तकता केस स्टडी, महत्वपूर्ण रेलवे बोर्ड प्रपत्र आदि सतर्कता बुलेटिन के मुख्य अकर्षण हैं।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्टोर, मेकनिकल, विद्युत, आदि विभागों द्वारा विभाग स्तर पर सतर्कता बुलेटिन जारी किया जाए जिससे लोगों को करने और न करने वाले कार्यों की जानकारी हो सके। रेलवे प्रक्रिया संहिता का सरल भाषा में पुर्नलेखन किया जाए जिससे सभी स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी नियमों को समझ सकें और उनका पालन कर सकें। आगे उन्होने कहा कि हेल्प लाइन नम्बर, केस रिड्रेशल सिस्टम, वेण्डर अदालत आदि की व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को तत्काल लाभ मिल सके, केवल स्वयं ही नहीं बल्कि आपके अधीनस्त कर्मियों की कार्यशैली को बेहतर बनाने के प्रयास होने चाहिए।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसएस कलसी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार,, प्रधान मुख्य विधुत अभियंता श्री हरीश चन्द्र, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री हरीश खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम श्री अकमल वदूद, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री महेश कुमार शकरवाल सहित उच्च अधिकारियों ने सहभागिता की एवं विचार व्यक्त किए।

04/11/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी